दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, बुधवार 12 दिसम्बर 2018

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# सड़क पर मौत

यह वाकई दुखद है कि देश की सड़कों पर गड्ढों के चलते होने वाली दुर्घटनाओं में लोग बड़ी संख्या में मारे जाते हैं। यह हमारी विकास प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न है। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि देश की सरहद पर गोलीबारी में या आतंकवादी घटनाओं में जितने लोग मरते हैं, उससे कहीं ज्यादा लोग देश की सड़कों पर गड्ढों के चलते होने वाली दुर्घटनाओं में मौत का शिकार हो जाते हैं। सड़क सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज के एस राधाकृष्णन की अध्यक्षता में बनाई गई कमेटी की रिपोर्ट पर कोर्ट ने केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2013-2017 के दौरान गड्ढों के कारण हुई दुर्घटनाओं में 14,926 लोगों की मौत हुई है। जस्टिस मदन बी लोकुर की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इतनी अधिक मौतों के आंकड़े सड़कों की देखरेख के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही का संकेत हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई में इस समस्या को भयावह करार देते हुए कमेटी से इसकी जांच कर दो सप्ताह में आंकड़े और तथ्य सौंपने के लिए कहा था। सड़क दुर्घटना के मामले में भारत का रिकॉर्ड दुनिया भर में खराब है। सड़क सुरक्षा पर आधारित ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट में भारत की स्थिति सबसे खराब बताई गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ओर से शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में अधिकतर बच्चे और युवा बीमारी नहीं बल्कि सड़क दुर्घटना के कारण अपनी जान गंवाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में साल 2016 में सड़क दुर्घटना में 13.5 लाख लोगों की मौत हुई। यह आंकड़ा साल 2013 में 12.5 लाख था। मरने वाले प्रत्येक 9 लोगों में से एक भारतीय है। वहीं बच्चों और वयस्कों (5-29 साल) की मौत की सबसे बड़ी वजह सड़क दुर्घटना में घायल होना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमीर देश कुछ हद तक दुर्घटना कम करने में सफल रहे हैं जबकि गरीब देश ऐसा नहीं कर पाए हैं। असल में विकसित देशों ने एक सक्षम इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है और वहां एक मजबूत सिविक सेंस भी काम करता है। लोग स्वेच्छा से यातायात नियमों का पालन करते हैं। हमारे यहां आलम यह है कि सड़कें बनती हैं और कुछ दिनों बाद ही उसमें गड्ढे पड़ जाते हैं। उन्हें भरने का काम जिस विभाग के जिम्मे रहता है।

# एक ही दिन में 100 पैसे से ज्यादा टूटा रुपया, आम आदमी पर बढ़ेगी महंगाई का बोझ



नई दिल्ली (आरएनएस)। मंगलवार सुबह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में भारी गिरावट देखने को मिली है। आज सुबह रुपया 71.34 प्रति डॉलर के मुकाबले 72.46 प्रति डॉलर पर खुला जिसमें सोमवार के मुकाबले 1.12 रुपये की गिरावट दर्ज हुई है। वहीं, फिच रेटिंग्स के अनुसार 2019 के आखिर तक डॉलर के मुकाबले रुपया 75 रुपए तक गिर सकता है। फिच के मुताबिक एशिया में इस समय रुपया सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा है। गौर हो कि इस साल 9 अक्टूबर को एक डॉलर के सामने 74.39 रुपए तक स्तर तक नीचे आ गया था।

रुपए में आने वाली इस गिरावट के कारण आईटी और फार्मा सेक्टर को फायदा मिलेगा लेकिन आम जनता के लिए यह एक बड़ा झटका हो सकता है। रुपए में गिरावट के कारण पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स का आयात महंगा हो जाएगा जिससे आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल के दाम और बढ़ सकते है। डीजल के दाम बढ़ने से माल ढुलाई बढ़ जाएगी, जिसके चलते महंगाई में तेजी आ सकती है। इसके अलावा, भारत बड़े पैमाने पर खाद्य तेलों और दालों का भी आयात करता है, रुपये के कमजोर होने से घरेलू बाजार में खाद्य तेलों और दालों की कीमतें भी बढ़ सकती हैं।

# महज 3 घंटे में पीएनबी की इस शाखा के दर्जनों ग्राहकों के खाते हुए खाली



नई दिल्ली (आरएनएस)। देश में पिछले कुछ समय से बैंकिंग क्षेत्र में काफी घोटाले सामने आए है। इसी कड़ी में सराय रोहिल्ला के शास्त्री नगर इलाके की पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) की एक ब्रांच में नया मामला सामने आया है। यहां पीएनबी की एक ब्रांच में महज तीन घंटे के अंदर दर्जनों कस्टमर्स के खातों से लाखों की रकम निकल गई। सबसे हैरानी की बात यह है कि यह रकम शहर के अलग-अलग इलाकों के एटीएम से निकाली गई, यह रकम जिन लोगों के अकाउंट से निकाली गई उस समय एटीएम उन लोगों की जेब में था।

मिली जानकारी के अनुसार यह घटना महीने के दूसरे शनिवार सुबह 6 बजे से 9 बजे के बीच हुई है उस दिन बैंक बंद होते है। जब लोगों को यह मैसेज मिला तो उन्हें लगा कि शायद सिस्टम खराब हो गया होगा, लेकिन सोमवार को बैंक खुलने पर जब वे शिकायत करने पहुंचे तो वहां लोगों की भीड़ जुटती चली गई। इस मामले में करीब 20 लोगों ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। खास बात यह है कि नई चिप से लैस एटीएम कार्ड वाले भी इसका शिकार बने हैं। पीएनबी के ब्रांच मैनेजर डी के श्रीवास्तव ने बताया कि बैंकिंग साइबर सेल को ब्यौरा भेज दिया है। पुलिस भी जांच कर रही है।

# वाहनों की बिक्री में नवंबर में गिरावट



नई दिल्ली (आरएनएस)। उपभोक्ताओं में कम उत्साह और तरलता में कमी के कारण नवम्बर 2018 में वाहनों की बिक्री में गिरावट आई है। सोसायटी ऑफ इंडियन आटोमोबाइल मैन्यूफैक्चर्स (सियाम) के आंकड़ों के मुताबिक उद्योग जगत ने अप्रैल-नवम्बर 2018 के दौरान कुल 21,945,408 वाहनों का उत्पादन किया, जिसमें यात्री वाहन, कॉमर्शियल वाहन, तिपहिया एवं दोपहिया वाहन तथा क्वाड्रीसायकल शामिल हैं।

अप्रैल-नवम्बर 2017 में यह आंकड़ा 19,502,502 था। इस तरह कंपनी ने पिछले साल की तुलना में 12.53 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है। अप्रैल-नवम्बर 2018 के दौरान यात्री वाहनों की बिक्री पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 4.90 फीसदी बढ़ी है। यात्री वाहनों में यात्री कारें, युटिलिटी वाहन और वैन की बिक्री में इस अवधि के दौरान क्रमशः 5.03 फीसदी, 3.19 फीसदी और 11.43 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।


कॉमर्शियल वाहनों की बात करें तो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में अप्रैल-नवम्बर 2018 में 31.49 फीसदी की वृद्धि हुई है। मध्यम एवं भारी कॉमर्शियल वाहनों में 34.45 फीसदी तथा हल्के कॉमर्शियल वाहनों में इसी अवधि के दौरान 29.73 फीसदी की वृद्धि हुई है। तिपहिया वाहनों की बिक्री अप्रैल-नवम्बर 2018 के दौरान पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 25.16 फीसदी बढ़ी है।

# एसएमबी के लिए ऑनलाइन सेल की मेजबानी करेगा अमेजन इंडिया

बेंगलुरू (आरएनएस)। देश में छोटे व मध्यम व्यवसायों-उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन की भारतीय शाखा 16 दिसंबर को स्मॉल बिजनेस डे ऑनलाइन शॉपिंग समारोह आयोजित करने जा रही है। कंपनी ने इस बात की जानकारी दी। अमेजन इंडिया ने यहां एक बयान में कहा, इस समारोह के माध्यम से हमारा मकसद छोटे व्यापारियों व लघु उद्यमियों को बढ़ावा देना और खरीदारों को पेश किए उत्पादों को पेश कर सीधे उनसे खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना है।

अमेजन ने कहा कि एक दिवसीय ऑनलाइन सेल 16 दिसंबर मध्य रात्रि से शुरू होगी, जिसमें देश भर से हजारों छोटे व्यापारियों की भागीदारी देखने को मिल सकती है। देश में छोटे व्यापारियों के लिए समर्थित अपने आप में इस प्रकार की पहली ऑनलाइन सेल का दावा कर रही कंपनी ने ऑनलाइन सेल समारोह में कितने विक्रेता शामिल होंगे, इसकी सटीक संख्या का खुलासा नहीं किया है।

# नॉकस्कूट दिल्ली से बैंकॉक के बीच शुरु करेगी सीधी उड़ान



नई दिल्ली (आरएनएस)। थाईलैंड स्थित सस्ती विमानन कंपनी, नॉकस्कूट ने पहली सीधी उड़ान के लॉन्च के साथ भारत में प्रवेश की घोषणा की है। यह उड़ान 19 दिसंबर से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा और बैंकॉक के डॉन मुआंग अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा को जोड़ेगी। कंपनी की तरफ से यहां जारी बयान के अनुसार, नॉकस्कूट सिंगापुर एयरलाइंस की 100 फीसदी स्वामित्व वाले स्कूट और थाईलैंड के नॉक एयर के बीच संयुक्त उपक्रम है। इसने स्पेशल प्रमोशनल वन-वे इकॉनॉमी क्लास के किरायों की घोषणा की है। इस स्कीम के तहत एयरलाइंस में 7,200 रुपये (99 अमेरिकी डॉलर) में सीट की बुकिंग कराई जा सकती है, जिसमें सभी कर और सरचार्ज शामिल हैं।

## आज का राशिफल

मेषः लक्ष्मीजी की कृपा आप पर बरसेगी, ऐसा गणेशजी कहते हैं। सामाजिक रूप से यश और कीर्ति में वृद्धि होने की संभावना है। व्यापार में लाभ होगा। विवाह का आयोजन सफलतापूर्वक होगा लेकिन मध्याह्न के बाद आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

वृषभः आज का दिन शुभफलदायी है। व्यवसाय में स्थिति अनुकूल रहेगी तथा आपके कार्य की प्रशंसा भी होगी। सामाजिक रूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्य भी सरलतापूर्ण संपन्न होंगे और लाभ भी होगा। दांपत्य जीवन में आमोद-प्रमोद छाया रहेगा।

मिथुनः प्रतिस्पर्धियों और उच्च अधिकारियों के साथ वाद-विवाद न करने की गणेशजी की सलाह है। आमोद-प्रमोद से संबंधित वस्तुओं को खरीदने में खर्च अधिक होने की संभावना है। व्यावसायिक क्षेत्र में वातावरण अच्छा रहेगा।

कर्कः अनैतिक कार्य और नकारात्मक विचारों से दूर रहने की गणेशजी की सलाह है। वाणी पर संयम रखें। परिवार में तकरार ना हो, इसका ध्यान रखें। मध्याह्न के बाद विदेश से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। संतान के भविष्य को लेकर चिंता हो सकती है।

सिंहः स्वास्थ्य की दृष्टि से आज आप प्रसन्न रहेंगे। मित्रों तथा संबंधियों के साथ घूमने-फिरने की योजना बनाएंगे। सामाजिक रूप से सम्मान प्राप्त होगा। साझेदारों के साथ चर्चा सकारात्मक होगी।

कन्याः आपके स्वभाव में आज कुछ अधिक संवेदनशीलता रहेगी। कार्य सफलता से प्रफुल्लित रहेंगे। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे।

तुलाः अपनी बौद्धिक शक्ति से आगे बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें इसलिए यात्रा को टाल दें। आकस्मिक खर्च के योग हैं। मध्याह्न के बाद कार्य-सफलता मिलने से मानसिक रूप से आप प्रसन्न रहेंगे।

वृश्चिकः आज विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है। स्वभाव में हठीलापन छोड़कर आगे बढ़ेंगे तो अनेक समस्याओं का छुटकारा मिलेगा। नए वस्त्राभूषण तथा प्रसाधन के पीछे धन का खर्च अधिक होने की आशंका है।

धनुः शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आज बना रहेगा। परिजनों के साथ प्रवास-पर्यटन का आयोजन बनेगा। मित्रों के साथ समय का आनंदपूर्वक सदुपयोग हो जाएगा।

मकरः आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। धार्मिक कार्यों और उपासना के पीछे धन का खर्च हो सकता है। मध्याह्न के बाद आपका मन प्रफुल्लता का अनुभव करेगा।

कुंभः आज आध्यात्मिक विषयों की तरफ झुकाव अधिक रहेगा। शारीरिक प्रफुल्लता और मानसिक प्रसन्नता दिनभर बनी रहेगी। मध्याह्न के बाद आप धार्मिक कार्यों के प्रति आकर्षित रहेंगे।

मीनः धन के लेन-देन, उगाही या निवेश करते समय सावधानी बरतें, ऐसा गणेशजी कहते हैं। किसी के भी कार्य में विघ्न न डालें। वाणी और [illegible]ध पर संयम बरतें।

# संकटमोचन हनुमानजी को प्रसन्न करना है तो करे ये खास उपाय



धर्म शास्त्रों में कहा गया हैं कि, राम भक्त हनुमान ऐसे देवता हैं जो आज भी पृथ्वी पर विचरण करते हैं। हनुमान जी कलयुग के एकमात्र जीवित देवता हैं। जो भक्त इनकी अच्छे मन से पूजा-अर्चना करता है उसकी मनोकामना ये जरूर पूरी करते हैं। संकटमोचन नाम का जप करने से हमारे सब संकट दूर हो जाते हैं। कहा जाता हैं, जो व्यक्ति बुरे समय में हनुमान नाम का जप करता है उसकी सारी परेशानियां खत्म हो जाती है।नियमित हनुमान चालीसा का पाठ करने वाले लोगो पर बजरंगबली हमेशा अपनी कृपा बरसाते हैं।हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ने और सुनने से बल, बुद्धि और विद्या की जागृति होती है। मंगलवार को व्रत और हनुमान जी की विशेष पूजा-आराधना करने से सदैव उनकी कृपा प्राप्त होती है। मंगलवार के अलावा शनिवार का दिन भी बजरंगबली का ही माना जाता है।शनि देव को बजरंगबली ने युद्ध में परास्त किया था, तब शनि ने कहा था कि,जो व्यक्ति शनिवार के दिन हनुमान जी की पूजा करेगा उसे शनि की बुरी नजर कभी नहीं लगेगी। इसलिए हर शनिवार को मंदिर जाकर बजरंगबली के दर्शन जरूर करने चाहिए। हनुमान जी की पूजा में तुलसी के पत्तों का उपयोग करने वाले भक्तों को जीवन में सुख, समृद्धि, वैभव और तरक्की प्राप्त होती है।

घर पर नियमित रूप से हनुमान चालीसा, बजरंग बाण, सुंदरकांड और रामचरितमानस का पाठ और प्रत्येक सोमवार को शिवलिंग पर बेलपत्र और जल चढ़ाने से जीवन में हर काम में सफलता प्राप्त होती है।

# हॉकी वर्ल्ड कप 2018 : क्वार्टर फाइनल में चीन ने फ्रांस को हराया

भुवनेश्वर। फ्रांस की टीम बुधवार को क्वार्टर फाइनल में दो बार की गत चैंपियन और दुनिया की नंबर एक टीम ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी फ्रांस ने पदार्पण कर रहे चीन को दूसरे क्रॉस ओवर मैच में करीबी मुकाबले में 1-0 से हराकर सोमवार को यहां पुरुष हॉकी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. मैच का एकमात्र गोल 36वें मिनट में टिमोथी क्लेमेंट ने किया. फ्रांस भले ही 20वें पायदान के साथ टूर्नामेंट की सबसे कम रैंकिंग वाली टीम हो लेकिन पूल चरण में ओलंपिक चैंपियन अर्जेन्टीना को 5-3 से हराकर टीम दुनिया को पहले ही दिखा चुकी है कि रैंकिंग अधिक मायने नहीं रखती. फ्रांस की टीम बुधवार को क्वार्टर फाइनल में दो बार की गत चैंपियन और दुनिया की नंबर एक टीम ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी.

# टीम इंडिया का 2 दिन बाद हैं पर्थ में इम्तिहान



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज के पहले मैच में एतिहासिक जीत के बाद अब टीम इंडिया पर्थ की तैयारियों में जुट गई है. पर्थ के नए मैदान के बारे में बताया जा रहा है कि वह वाका मैदान की तरह ही तेज पिच वाला है. अभी तक इस मैदान पर कोई भी टेस्ट मैच नहीं खेला जा सका है, लेकिन जिस तरह की खबरें आ रही हैं. टीम इंडिया तेज पिच के मुताबिक ही तैयारी कर रही है. वहीं विराट कोहली इस बार अपना टीम कॉम्बिनेशन बेहतर करना चाहेंगे लेकिन उनके सामने भी कई चुनौतियां हैं. विराट कोहली इस बात से बखूबी वाकिफ हैं टीम को आगे और कड़ा मुकाबला मिलेगा. पिच ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों के लिए मुफीद है ऐसे में टीम इंडिया के तेज गेंदबाजों के पास मौका और चुनौती दोनों होगी वे ऑस्ट्रेलिया पर हावी हो सकें. पर्थ में टीम इंडिया के लिए ऑस्ट्रेलिया से तगड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा इतना तय है. टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली अपने फॉर्म को वापल लाने के लिए बेकरार हैं तो ऑस्ट्रेलिया टीम चेतेश्वर पुजारा को तोड़ पर्थ में निकालने की पुरजोर कोशिश करेगी.

### विराट की चिताएं हैं अलग

दरअसल विराट की चिंता कुछ और ही है. एडिलेड में विराट ने चार गेंदबाजों के साथ खेलने का दाव चला था जो चल गया था. अब विराट भी जानते हैं पर्थ में तेज मिलने से उन्हें गेंदबाजी के बारे में सोचना पड़ेगा. इसके अलावा विराट के सामने रोहित शर्मा को शामिल करने या न करने का भी सवाल होगा क्योंकि अगर विराट पांच गेंदबाजों के साथ उतरते हैं, उन्हें रोहित शर्मा को ही बाहर बिठाना पड़ेगा. अगर पिच से जरा भी स्पिन की मदद मिलने के गुंजाइश हुई तो विराट हनुमा विहारी को रोहित की ला सकते हैं. लेकिन वाका की पिच को देखते हुए विहारी से वे ज्यादा उम्मीद कर नहीं पाएंगे. विराट रोहित को हटाने का साहस जुटा पाएं मुश्किल ही है.

## रेनबो वेजी पास्ता सैलेड की रेसिपी



पास्ता खाना बच्चों के साथ साथ बड़ो को भी बहुत पसंद होता है। आज हम आपको घर पर 20 मिनट में बनाए जाने वाले रेनबो वेजी पास्ता सैलेड की रेसिपी बताने जा रहे हैं। यह खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ बनाने में भी सरल होता है।

1- रेनबो वेजी पास्ता बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में पानी उबलने के लिए रखें। जब पानी उबलने लगे तो इसमें एक चम्मच नमक व पास्ता डाल कर 15 मिनट तक उबाले। अब पास्ता को ठंडे पानी में डालकर सब्जियों को काटे।

2- अब एक नॉन स्टिक पैन में दो चम्मच ऑयल डालकर गर्म करें। अब इसमें ½ चम्मच वाइन डालें। अब इसमें ½ चम्मच डीजॉन मस्टर्ड, लौंग लहसुन का पेस्ट, नींबू का रस- 1 चम्मच, काली मिर्च व हल्का सा नमक डालकर फ्राई करें

3- अब इसमें एक कप टमाटर, येलो जुकीनी, ग्रीन जुकीनी, ब्रोकली, प्याज, आधा कप रोस्टेड लाल शिमला मिर्च, हरी शिमला मिर्च, ड्ट कप हरा धनिया व आधा कप तुलसी के पत्ते डालकर पकाएं ।

4- जब सब्जियां पक जाए तो इसमें उबले हुए पास्ता डालकर 2 मिनट तक फ्राई करें । अब इसे थोड़ी देर के लिए फ्रिज में रख दें । 5- लीजिए आपका रेनबो वेजी पास्ता सैलेड बनकर तैयार है । अब इसे सॉस के साथ सर्व करें


## शब्द सामर्थ्य-14

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 13 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

## सू-दोकू-14

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.13का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |